03.09.2096 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 2.10PM

प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री-एमओयू

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बेल्जियम के प्रधानमंत्री बार्ट डी वेवर के बीच आज नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत हुई। इस दौरान दोनों देशों के बीच समझौता ज्ञापनों यानी एमओयू का आदान-प्रदान किया गया। इससे पहले आज सुबह बेल्जियम के प्रधानमंत्री ने राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। बेल्जियम के प्रधानमंत्री भारत की तीन दिन की यात्रा पर कल रात राजधानी पहुंचे। प्रधानमंत्री डी वेवर के साथ बेल्जियम के रक्षा मंत्री थियो फ्रैंकन भी आए हैं। पिछले साल फरवरी में पद संभालने के बाद यह उनकी भारत की पहली यात्रा है।

शिवराज- संवाद

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज मुंबई में लखपति दीदियों और स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से संवाद किया। उन्होंने महिलाओं से बैंक लोन और कागजी कार्रवाई से जुड़ी समस्याओं की जानकारी ली। महिलाओं ने बताया कि लोन के लिए बार-बार बैंक जाना पड़ता है और कई बार जरूरत के मुताबिक पूरा लोन नहीं मिल पाता।

श्री चौहान ने कहा कि इन समस्याओं के समाधान के लिए हेल्पलाइन शुरू की जाएगी और बैंकर्स तथा राज्य सरकार के साथ मिलकर समाधान किया जाएगा। उन्होंने स्वयं सहायता समूह की बहनों के साथ पौधरोपण भी किया।

मुख्यमंत्री- गुजरात

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज गुजरात के द्वारका पहुंचे। मीडिया से चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। उज्जैन में बाबा महाकाल के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या करीब 20 गुना बढ़ी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं के लिए सुगम आवागमन और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में काम कर रही है।

जन्माष्टमी

प्रदेश में शुक्रवार को जन्माष्टमी का पर्व मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों पर श्रीकृष्ण पर्व आयोजित किया जाएगा। यहां संगीत, नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियों के जरिए कलाकार भगवान श्रीकृष्ण के जीवन और उनकी लीलाओं को प्रस्तुत करेंगे।इन आयोजनों में उज्जैन का सांदीपनि आश्रम और नारायणा धाम, धार का अमझेरा, महू का जानापाव और रायसेन का जामगढ़ प्रमुख हैं। संस्कृति संचालक एनपी नामदेव ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य श्रीकृष्ण के जीवन संदेश और भारतीय संस्कृति से नई पीढ़ी को जोड़ना है।

मौसम

प्रदेश में मानसून लगातार सक्रिय है। प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने आज नर्मदापुरम और छिंदवाड़ा में अति भारी बारिश का रेड अलर्ट, जबकि छतरपुर, सागर, रायसेन, नरसिंहपुर, सिवनी और बैतूल में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में भारी बारिश के साथ नदी-नालों में उफान और बाढ़ की स्थिति बन सकती है।जबलपुर, डिंडौरी, मंडला, पन्ना, सतना, मैहर, कटनी और बालाघाट समेत कई जिलों में भी भारी बारिश का अनुमान है। लगातार बारिश को देखते हुए छतरपुर जिले में आज सभी स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए अवकाश घोषित किया गया है।

बैडमिंटन

बैडमिंटन में किदांबी श्रीकांत ने चीन मास्टर्स सुपर-750 टूर्नामेंट के पुरुष सिंगल्स क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। श्रीकांत ने विश्व के नौवें नंबर के खिलाड़ी कनाडा के विक्टर लाई को हराया।33 वर्षीय श्रीकांत इस साल अमरीकी ओपन सुपर-300 के फाइनल में पहुंचे थे। विक्टर लाई ने पिछले महीने नई दिल्ली में हुए विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था।क्वार्टर फाइनल में श्रीकांत का सामना हांगकांग के ली चेक यिउ से होगा। उधर, महिला सिंगल्स के दूसरे दौर में तन्वी शर्मा को जापान की तोमोका मियाजाकी से हार का सामना करना पड़ा।

समाचार संक्षेप में:-

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने पिता की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।
- दमोह में भी बलराम जयंती के पावन पर्व पर जिला प्रशासन द्वारा 'सड़क से गौशाला की ओर' अभियान का शुभारंभ किया गया है। अभियान का मुख्य उद्देश्य गौवंश का संरक्षण करने के साथ-साथ आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।
- मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय आज  से भील जनजातीय चित्रकार बाबू ताहेड़ के चित्रों की प्रदर्शनी सह-विक्रय का संयोजन किया गया है। 77वीं शलाका चित्र प्रदर्शनी 30 सितंबर तक रहेगी।
- धार में आयोजित दिशा की बैठक केन्द्रीय राज्यमंत्री महिला एवं बाल विकास सावित्री ठाकुर की अध्यक्षता में में सम्पन्न हुई।
- शिवपुरी जिले में राशन वितरण व्यवस्था को पारदर्शी, सुव्यवस्थित और सर्वसुलभ बनाने के लिए व्यापक औचक निरीक्षण अभियान चलाया गया।
- बालाघाट में लोक निर्माण विभाग भवन के प्रभारी कार्यपालन यंत्री के.के. सिंगारे के बालाघाट, छिंदवाड़ा और भोपाल स्थित ठिकानों पर एक साथ छापा मारा गया।

-----------------------------